फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्रीमती द्रोपदा देवी पंवार पत्नि श्री क्षमान सिंह पंवार नि0 भीलों की टांकड़ी केशरिंग घाटी के पास, देवगढ़ पो0 देवगढ़–मदारिया जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 92/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 10.12..2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से जरिये पत्र क्रमांकः– आरटीआई/12/अपील–92/2024/604 दिनांक 18.11.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थीया श्रीमती द्रोपदा देवी पत्नि क्षमानसिंह निवासी देवगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ऑनलाईन क्रमांक 244360425034185 सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना पत्र अंकित दिनांक 05.09.2024 इस कार्यालय को दिनांक 07.09.2024 को प्राप्त हुआ। प्रार्थना पत्र में वांछित सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक आर.टी.आई/ 12/2024/521 दिनांक 18.09.2024 के साथ संलग्न कर नियमित समयावधि में प्रार्थीया को उपलब्ध करवा दी गई है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को कार्यालय उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ द्वारा पत्र क्रमांक आर.टी.आई/ 12/2024/521 दिनांक 18.09.2024 के साथ संलग्न कर नियमित समयावधि में प्रार्थीया को उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)